Ans. (d) : चित्रित धूसर मृद्भाण्ड,लौह युगीन (1000-800BC) काल के हैं। यह अहाड़ सभ्यता की विशेषता नहीं रही हैं। अहाड़ ताम्रपाषाणिक स्थल है। अहाड़ का प्राचीन नाम तांबवती अर्थात तांबा वाली जगह है। अहाड़ ताम्रपाषाण स्थल से चावल, कृष्ण-लोहित मृदभांड एवं ताबें की वस्तुएँ प्राप्त हुई है।

54. 4000 वर्ष पुरानी सभ्यता के पुरातात्विक अवशेष उदयपुर के समीप एक गांव में पाए गए हैं, वह गांव है–

(a) जगत (b) दिलवाड़ा (c) एकलिंगजी (d) आहड़

उत्तर - (d)

RPSC RAS/RTS 1997-98

व्याख्या–उदयपुर जिले में आहड़ बेड़च नदी के आसपास आहड़ सभ्यता फैली हुई थी। यह सभ्यता करीब 4000 वर्ष पुरानी है। आहड़ का प्राचीन नाम ताम्रवती नगरी था। आहड़ गांव - उत्तर पाषाणकालीन ताम्र युगीन संस्कृति का द्योतक है।

55. दो मुँह का चूल्हा व बहुत प्रकार के वर्तनों के साथ सिलबट्टा व पैन निम्नलिखित में से किस स्थान से खुदाई में मिले थे?

(a) आहड़ (b) कालीबंगा
(c) बागौर (d) गणेश्वर

महिला सुपरवाइजर भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – आहड़ संस्कृति एक ताम्रपाषाणिक संस्कृति है जो राजस्थान में बनास नदी के तट पर फली-फूली है। यहाँ पर खुदाई से दो मुँह वाले चूल्हे, बहुत प्रकार के बर्तनों, के साथ सिलबट्टा आदि प्राप्त हुए है।

56. निम्न में से कौन सा राजस्थान की आहाड़-बनास संस्कृति का प्रमुख स्थल नहीं है?

(a) गिलुण्ड (b) ओझियाना
(c) बालाथल (d) लोथल

JEN (Civil) Degree 2020 Date 12.09.2021
कनिष्ठ अभियन्ता (सिविल)-2020

Ans. (d) : लोथल राजस्थान की आहाड़-बनास संस्कृति का प्रमुख स्थल नहीं है। यह हड़प्पा संस्कृति का प्रमुख स्थल है। आहाड़-बनास संस्कृति के प्रमुख स्थल है–गिलुण्ड, ओझियाना, बालाथल, पछमता।

57. निम्नलिखित युग्मों में से कौन सा युग्म (पुरास्थल संबंधित जिला) सुमेलित नहीं है?

(a) सुनारी - झुंझुनूं (b) गिलूण्ड - राजसमंद
(c) ओझियाना -चित्तौड़गढ़ (d) जोधपुरा -जयपुरा

Basic Computer Anudeshak-18.06.2022

Ans. (c) : ओझियाना पुरास्थल राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में खारी नदी के तट पर स्थित है। यहाँ ताम्रयुगीन आहड़ संस्कृति सभ्यता का विकास हुआ था। इस सभ्यता स्थल का उत्खनन बी.आर. मीणा तथा आलोक त्रिपाठी द्वारा किया गया था।

58. किस नदी के तट पर गिलूण्ड सभ्यता स्थल स्थित है?

(a) आहड़ (b) कोठारी
(c) बनास (d) कांतली

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I
कनिष्ठ अभियन्ता (डिप्लोमा धारक) 10.05.2022

Ans. (c) : गिलुण्ड सभ्यता बनास नदी के तट पर स्थित है। यह अहाड़ संस्कृति से संबंधित एक प्रमुख स्थल है। इसे बनास संस्कृति के नाम से भी जाना जाता है। 1959-60 ई. में बी.बी. लाल के निर्देशन में यहाँ उत्खनन कार्य करवाया गया था। यहाँ से ताम्र पाषाण युग और बाद के अवशेष प्राप्त हुए हैं।

59. गिलुण्ड सभ्यता के अवशेष किस युग के हैं?

(a) ताम्रप्रस्तर युग (b) लौहप्रस्तर युग
(c) मृद्भांडा युग (d) प्रस्तर युग

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020
हथकरघा निरीक्षण (उद्योग विभाग) भर्ती परीक्षा 2018

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

60. निम्नलिखित में से किस सभ्यता में मकान एवं बस्तियों के निर्माण में ईंटों का प्रयोग नहीं होता था?

(a) आहड़ (b) कालीबंगा
(c) गणेश्वर (d) बैराठ

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : पूर्व हड़प्पाकालीन पुरास्थल 'गणेश्वर' राजस्थान के सीकर जिले में स्थित है, जिसका उत्खनन 1977 ई. में रत्नचन्द्र अग्रवाल के द्वारा कराया गया। यह से ताम्रयुगीन स्थल है, यहाँ से सबसे अधिक ताम्रनिधियाँ मिली है। यहाँ से तीर, भाला, मछली फंसाने वाला कांटा, मिट्टी के बर्तन इत्यादि मिले परन्तु ईंटों के निर्माण मकानों में नहीं मिले हैं। गणेश्वर सभ्यता का विकास कांतली नदी के तट पर हुआ था।

61. गणेश्वर सभ्यता का विकास किस नदी के किनारे हुआ?

(a) बनास (b) लूनी
(c) कांतली (d) बाणगंगा

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

62. गणेश्वर सभ्यता का उत्खनन किसके निर्देशन में हुआ?

(a) एच. डी. साकलिया (b) ए. एन. घोष
(c) वी. एन. मिश्रा (d) आर. सी. अग्रवाल

Lab Asst. (Science) (II Step) 29.06.2022 Shift-I
कनिष्ठ अनुदेशक मैकनिक रेफ्रिजरेशन-2018

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

63. गणेश्वर सभ्यता किस काल से सम्बन्धित है?

(a) हड़प्पा काल (b) लौह युग
(c) ताम्र/काँस्य युग (d) पुरापाषाण काल

पुस्तकालयाध्यक्ष ग्रेड-III परीक्षा तिथि:19-09-2020

Ans. (c) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

64. किस ताम्रपाषाणिक स्थल पर सबसे ज्यादा ताम्र सामग्री प्राप्त हुई है?

(a) अहाड़ (b) बैराठ
(c) कालीबंगा (d) गणेश्वर

सेकेण्ड ग्रेड-संस्कृत शिक्षा-17-02-2019

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।